बिहार विधान-सभा-वादवृत्त।

---

वृहस्पतिवार, तिथि २७ मार्च, १९५२।

---

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में वृहस्पतिवार, तिथि २७ मार्च, १९५२ को पूर्वाह्न ११ बजे, माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा के सभापतित्व में हुआ।

---

तारांकित प्रश्नोत्तर।

**Starred Questions and Answers.**

24-HOURS DUTY FROM ORDERLY PEON.

*96. **Shri JITU RAM** : Will the Hon'ble Minister for Local self-Government Department be pleased to state—

(*a*) are Government aware that the present P. A. to the I. G. C. H. takes twenty-four hours private works from his orderly peon at his quarters due to which visitors in the Secretatriat are put to great inconveniences ;

(*b*) if the answer to clause (*a*) be in the affirmative what actions Government contemplate to take against the P. A. for violating Government orders of not taking private works from the peon and putting an end to visitors' inconveniences ?

**The Hon'ble Pandit BINODANAND JHA** : (*a*) The allegation is not found to be true. The orderlies of P. A. to I. G. C. H. are always present in the office during the office hours.

(*b*) The question does not arise.

---

खादी के व्यवसाय के लिए सरकार की ओर से कर्ज।

*११४। श्री जयनारायण झा—क्या माननीय मंत्री, विकास विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) खादी व्यवसाय को प्रगति और प्रोत्साहन देने के लिए बिहार सरकार ने बिहार खादी समिति को अब तक कुल कितने रुपये दिये हैं और किस-किस रूप में (ऋण, साहाय्य और पुरस्कार) ;

(ख) क्या सरकार को यह खबर है कि बिहार खादी समिति के पास अभी लाखों रुपये के खद्दर बन कर जमा हो गये हैं और उनकी बिक्री मंदी गति से होती है इसलिए पूंजी का बहुत बड़ा भाग फंसा हुआ है ;

(ग) सरकारी विभागों के लिए प्रति वर्ष औसत कितने रुपये के कपड़े खरीदे जाते हैं ;

**The Hon'ble Shri BADRI NATH VERMA :** I have already read out that they have sympathetically considered the matter and have agreed to introduce a shuttle service between Patna City and Buxar and also to arrange the timings of 39 Up train (Janta Express) so that it may arrive Patna Junction at 9.45 P. M.

---

श्रीमती ए० पैट्रिक को शारीरिक शिक्षा।

*१३५। श्री राम गुलाम चौधरी—क्या माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) श्रीमती ए० पैट्रिक, चैपमैन गर्ल्स स्कूल, मुजफ्फरपुर में कितने दिनों से किस पद पर काम कर रही थीं;

(ख) क्या कोई ऐसा आदेश सरकार द्वारा दिया गया था कि जो मिस्ट्रेस शारीरिक शिक्षा में अशिक्षित हों उन्हें शिक्षा लेनी होगी;

(ग) क्या यह बात सही है कि ता० २९ नवम्बर, १९५१, पत्र संख्या भी० आई० पी० ४१०७-५१-ई०—२०९५३ द्वारा श्रीमती ए० पैट्रिक को शारीरिक शिक्षा (फिजिकल ट्रेनिंग) लेने के लिए आदेश दिया गया था;

(घ) क्या यह बात सही है कि श्रीमती ए० पैट्रिक ने रिप्रेजेन्टेशन (एक अभ्यावेदन) दिया था कि मुज़फ्फरपुर में ही उन्हें शिक्षा (ट्रेनिंग) के लिये आदेश दिया जावे, जब कि मुजफ्फरपुर में ही शारीरिक शिक्षा केन्द्र (फिजिकल ट्रेनिंग सेन्टर) है, परन्तु कोई उत्तर नहीं मिला?

माननीय श्री बदरीनाथ वर्मा—(क) मुजफ्फरपुर चैपमैन गर्ल्स स्कूल के प्रोविन्सिएलाइज होने की तारीख यानी १७ फरवरी, १९५० से २ जनवरी, १९५२ तक श्रीमती ए० पैट्रिक टेम्पोरेरी बेसिस पर उस स्कूल में काम कर रही थीं। प्रोविन्सिएलाइज होने से पूर्व १५ अप्रैल, १९३१ से वे उस स्कूल में थीं। वह वहां फीजिकल इन्स्ट्रक्ट्रेस थीं।

(ख) उत्तर 'हां' है।

(ग) उत्तर 'हां' है।

(घ) श्रीमती ए० पैट्रिक ने अपने आवेदन-पत्र में पटना या मुजफ्फरपुर दोनों में से किसी एक स्थान में शारीरिक शिक्षा प्राप्ति की अनुमति की प्रार्थना की थी। सरकारी पत्र संख्या १६४०८, तारीख २६ जून, १९५१ में उन्हें पटना शारीरिक शिक्षा कॉलेज में भर्ती होने का आदेश दिया गया था।

---

श्रीमती ए० पैट्रिक को बिना सूचना दिए रिलीज।

*१३६। श्री राम गुलाम चौधरी—क्या माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) (१) क्या यह बात सही है कि उत्तर नहीं मिलने पर श्रीमती ए० पैट्रिक एक उत्तरदायित्वपूर्ण व्यक्ति के साथ डिप्टी डाइरेक्टर से मिलीं और डिप्टी डाइरेक्टर ने आदेश देने का आश्वासन दिया था;